INDIA NEWS COMMUNICATIONS

PUBLICATION	EDITION	DATE
Dainik Jagran	Patna	01/04/2017

ट्रेडमार्क के गलत उपयोग पर कामधेनु की कार्रवाई

पटना : कामधेनु लिमिटेड अपने ब्रांड से मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने, एवं लोगों के बीच भ्रम फैलाने वाली कंपनियों पर सख्ती से कदम उठाती है। इसी क्रम में पटना के मेसर्स प्लेटिनम इस्पात इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कंपनी कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। दरअसल, यह कंपनी कामधेनु लिमिटेड के ट्रेड मार्क की नकल कर सुपर कामधेनु टीएमटी और महान कामधेनु टीएमटी का निर्माण करती थी और बेचती थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने स्थानीय आयुक्त को निरीक्षण के बाद जब्ती का आदेश दिया। आदेश के आलोक में आयुक्त ने टनों सुपर कामधेनु टीएमटी मेसर्स प्लेटिनम इस्पात इंडस्ट्री प्रा.लि. से जब्त किया। साथ ही कंपनी एवं इसके नेटवर्क को उत्पादों के उपयोग करने, बेचने, निर्यात व विज्ञापन करने पर रोक लगा दी गई।